Title: Need for early completion of work of double-line between Delhi and Meerut and provision for computerised ticket reservation office at Meerut Railway Station.

श्री अवतार सिंह भडाना (मेरठ) : उपाध्यक्ष महोदय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थित मेरठ शहर का व्यापारिक एवं औद्योगिक दृटि से बड़ा महत्व है। इस क्षेत्र के लोगों की लम्बे अर्से से दो मुख्य मांगें हैं कि दिल्ली-मेरठ रेलवे लाइन को डबल लाइन में परिवर्तन करना और दूसरा मेरठ रेलवे स्टेशन पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र खोलना। दिल्ली-मेरठ रेलवे डबल लाइन का कार्य प्रगति पर है, परन्तु यह बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। यदि यह कार्य शीघ्र पूरा हो जाता है तो इस क्षेत्र की जनता, मेरठ में कार्यरत केन्द्र और राज्य के कर्मचारियों, व्यापारी वर्ग और उद्योगपतियों को काफी सहूलियत होगी। इसके साथ ही साथ कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र खोलने की भी मांग लम्बे अर्से से की जा रही है। मेरा इस संबंध में आग्रह है कि दिल्ली-मेरठ डबल लाइन का कार्य पूरा होने से पहले यहां पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र की स्थापना की जाये ताकि लोगों को आरक्षण की सुविधा मिल सके। इन दोनों कार्यों के पूरा होने से इस क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा ही, साथ-साथ रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। मेरी भारत सरकार से मांग है कि उक्त दोनों कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाये।